# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,
# उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) अमेठी

पत्रांक 522 / कार्य-2 / 33 दिनांक 4/5/2026

सेवा में,

जिला सूचना अधिकारी,
अमेठी।

**विषयः सोशल मीडिया/न्यूज पोर्टल (यू0पी0 न्यूज नेटवर्क) पर प्रसारित जल जीवन मिशन संबंधी भ्रामक समाचार के खंडन के संबंध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक अवगत कराना है कि कतिपय न्यूज पोर्टल्स एवं सोशल मीडिया माध्यमों (यू0पी0 न्यूज नेटवर्क) पर विकास खंड–शाहगढ़ में जल जीवन मिशन (JJM) के कार्यों को लेकर जो समाचार प्रसारित किए जा रहे हैं, वे पूर्णतः तथ्यों पर आधारित नहीं हैं। जनहित में वास्तविक स्थिति का विवरण निम्नवत हैः

1. **योजनाओं की वर्तमान स्थितिः**–विकास खंड–शाहगढ़ के अंतर्गत जल जीवन मिशन के तहत कुल 23 नग योजनाएं हैं। जिसके सापेक्ष 08 नग योजनओं में नियमित पेयजल आपूर्ति एवं 07 नग योजनाओं में आंशिक पेयजल आपूर्ति की जा रही है। इनमें से 07 नग योजनाएं ओ.एंड.एम. (संचालन एवं रखरखाव) चरण में प्रवेश कर चुकी हैं।
2. **शेष कार्यः**–योजनाओं में शेष कार्य तीव्र गति से प्रगति पर है। विभाग द्वारा इसकी निरंतर मॉनिटरिंग की जा रही है और अति शीघ्र इन्हें पूर्ण कर लिया जाएगा।
3. **विभागीय प्रतिबद्धताः** यद्यपि भारत सरकार द्वारा जल जीवन मिशन कार्यक्रम की अवधि वर्ष 2028 तक विस्तारित की गई है, किंतु विभाग इस समय–सीमा से पूर्व ही विकास खंड–शाहगढ़ की समस्त ग्रामीण पेयजल योजनाओं को पूर्ण कर हर घर तक नियमित जल पहुंचाने हेतु पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

अतः आपसे अनुरोध है कि जनमानस में व्याप्त भ्रामक सूचनाओं के निराकरण हेतु उक्त वास्तविक तथ्यों को संज्ञान में लेते हुये उचित कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय

A Tripathi

अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 / / दिनांक

**प्रतिलिपिः**–निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

1. प्रबन्ध निदेशक महोदय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
2. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
3. मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
4. मुख्य अभियन्ता(ल0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
5. अधीक्षण अभियन्ता मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), अयोध्या (कैम्प–सुलतानपुर)
6. जिलाधिकारी महोदय, अमेठी।
7. मुख्य विकास अधिकारी महोदया अमेठी।
8. समस्त सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर (जल निगम/एस0डब्ल्यू0एस0एम0)।
9. जिला समन्वयक (डी0पी0एम0), अमेठी।
10. डी0पी0एम0 टी0पी0आई0 अमेठी।

अधिशासी अभियन्ता



Scanned with OKEN Scanner